ਇਸ ਮੌਕੇ ਪ੍ਰਜਾਪਤੀ ਅਜੀਤ ਸਿੰਘ ਭੈਣੀ ਸਟੇਟ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਪੰਜਾਬ,ਸ੍ਰ. ਬਲਦੇਵ ਸਿੰਘ ਮਹਿਰਾ ਮੀਤ ਪ੍ਰਧਾਨ ਪੰਜਾਬ, ਜੇਗਾ ਸਿੰਘ ਪਨੇਦੀਆ ਜਰਨਲ ਸਕੱਤਰ ਪੰਜਾਬ, ਸ. ਮੇਜਰ ਸਿੰਘ ਟਿੱਬੀ ਪ੍ਰਧਾਨ ਬਸਪਾ ਜ਼ਿਲਾ ਪਟਿਆਲਾ, ਰੂਪ ਸਿੰਘ ਬਠੋਈ ਜਿਲਾ ਇੰਚਾਰਜ ਪਟਿਆਲਾ, ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਚੰਦ ਸਿੰਘ ਭੱਟੀ, ਜਗਤਾਰ ਸਿੰਘ ਸਨੌਰ, ਜਸਮੇਲ ਸਿੰਘ ਜੱਸਲ ਪਟਿਆਲਾ ਤੇ ਵੱਡੀ ਗਿਣਤੀ ਵਿੱਚ ਔਰਤਾਂ ਤੇ ਪਿੰਡ ਬਠੋਈ ਕਲਾਂ ਨਿਵਾਸੀ ਮੌਜੂਦ ਸਨ।

ਕਾਂਗਰਸ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਿਵੇਂ ਦਿੰਦੀ ਸਨਮਾਨ, ਸਮਝਣ ਦੀ ਗੱਲ--ਰਣਵੀਰ ਬੱਬਰ ਸੂਬਾ ਸਕੱਤਰ।

"Equality and justice"
Patiala 16 July
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

ਗੜ੍ਹਸ਼ੰਕਰ (ਚਰਨਜੀਤ ਸੱਲ੍ਹਾਂ)

ਆਹ ਇੱਕ (ਫੋਟੋ) ਜੇ ਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਲੇਖ ਨਾਲ ਭੇਜ ਰਿਹਾ ਹਾ, ਸਬੂਤ ਹੈ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਿੰਨਾ ਕੁ ਸਨਮਾਨ ਦੇ ਰਹੀ ਹੈ, ਤੁਸੀਂ ਸਮਝਣਾ ਹੈ। ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਤਸਵੀਰ ਪੈਰਾਂ ਵਿੱਚ ਪਈ ਹੈ ਤੇ ਨੇਤਾ ਕੁਰਸੀ ਤੇ ਬੈਠੇ ਹਨ। ਇਹ ਸਤਿਕਾਰ ਕਾਂਗਰਸ ਦੇ ਨੇਤਾ ਰਾਹੁਲ ਗਾਂਧੀ ਸਮੇਤ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਜਿਸ ਕਾਂਗਰਸ ਨੂੰ ਚਮਚੇ ਦਲਾਲ ਲੋਕ ਅਜੇ ਵੀ ਛੱਡ ਨਹੀਂ ਰਹੇ। ਸਗੋਂ ਦਲਿਤ ਸਮਾਜ ਨੂੰ ਗੁੰਮਰਾਹ ਕਰਕੇ ਅਜੇ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਾਂਗਰਸ ਨਾਲ ਜੋੜੀ ਰੱਖਣ ਦਾ ਘਿਨਾਉਣਾ ਕਾਰਨਾਮਾਂ ਕਰੇ ਹਨ। ਇਹੀ ਲੋਕ ਵੋਟਾਂ ਸਮੇਂ ਕਾਂਗਰਸੀਆਂ ਤੋਂ ਪੈਸਾ ਲੈਕੇ ਦਲਿਤਾਂ ਨੂੰ ਖਰੀਦਕੇ ਉਹਨਾਂ ਦੀਆਂ ਵੋਟਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਦੀ ਝੋਲੀ ਵਿੱਚ ਪੁਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਚਲੋ ਖੈਰ। ਇਹ ਲੋਕ ਆਖਰ ਬੀ. ਐਸ.ਪੀ ਵਿੱਚ ਹੀ ਆਉਣਗੇ।

ਕਾਂਗਰਸ ਮੁੱਢ ਤੋਂ ਹੀ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਅੰਬੇਡਕਰ ਜੀ ਦੇ ਵਿਰੁੱਧ ਰਹੀ। ਦਲਿਤ ਸ਼ੋਸ਼ਤਾਂ ਦੇ ਲਈ ਲੜੇ ਜਾਣ ਵਾਲੇ ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਸ਼ੰਘਰਸ਼ਾਂ ਵਿੱਚ ਕਾਂਗਰਸ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਇੱਕੇ ਇੱਕ ਮੁੱਖ ਵਿਰੋਧੀ ਪਾਰਟੀ ਰਹੀ ਹੈ। ਅੰਗਰੇਜਾਂ ਸਮੇਂ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜੋ ਦਲਿਤ ਅਧਿਕਾਰਾਂ ਦੀ ਲੜਾਈ ਲੜੀ ਉਸ ਸਮੇਂ ਗਾਂਧੀ ਅਤੇ ਉਸ ਦੀ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਹੀ ਢਿੰਡ ਅੜਿਕੇ ਡਾਹੇ। ਪਰ ਅੰਗਰੇਜ਼ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦੀਆਂ ਦਲੀਲਾਂ ਤੋਂ ਕਾਇਲ ਹੋਏ ਪਰ ਗਾਂਧੀ ਅੜਿਆ ਰਿਹਾ। ਦੇਸ਼ ਪਰਤਣ ਤੇ ਅੰਗਰੇਜਾਂ ਨੂੰ ਗਾਂਧੀ ਨੂੰ ਪੂਨੇ ਦੀ ਯਰਵਦਾ ਜੇਲ ਵਿੱਚ ਡੱਕਣਾ ਪਿਆ।

ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦਲਿਤ ਹੱਕੀ ਮੰਗਾਂ ਲਈ ਬਜਿੱਦ ਸਨ। ਪਰ ਗਾਂਧੀ ਦੀ ਜਾਨ ਬਚਾਉਣ ਲਈ ਸਮਝੌਤਾ ਕਰਨਾ ਪਿਆ। ਜਿਸ ਵਿੱਚ ਦਲਿਤਾਂ ਦੀ ਦੋਹਰੀ ਵੋਟ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ, ਬਾਕੀ ਮੰਗਾਂ ਪ੍ਰਵਾਨ ਹੋਈਆਂ। ਕਾਂਗਰਸ ਸਾਡੀ ਜੱਦੀ ਦੁਸ਼ਮਣ ਹੈ। ਇਸ ਦੁਸ਼ਮਣ ਨੂੰ ਪਛਾਣੋ। ਇਹ ਦੁਸ਼ਮਣ ਤੁਹਾਡੀਆਂ ਵੋਟਾਂ ਵਟੇਰਨ ਲਈ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਫੋਟੋ ਚੁੱਕੀ ਫਿਰਦਾ ਹੈ। ਕਾਂਗਰਸ ਹੀ ਨਹੀਂ ਬਾਕੀ ਪਾਰਟੀਆਂ ਦੀ ਵੀ ਇਹੋ ਖੇਡ ਹੈ। ਇਸ ਖੇਡ ਨੂੰ ਸਮਝੋ। ਤੁਹਾਡੀਆਂ ਵੋਟਾਂ ਬਟੇਰਨ ਲਈ ਹੀ ਕਾਂਗਰਸ ਵੋਟਾਂ ਸਮੇਂ ਦਲਿਤ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਬਣਾਉਂਣ ਦਾ ਲਾਰਾ ਲਾ ਦਿੰਦੀ ਹੈ, ਤੁਸੀਂ ਉਸ ਲਾਰੇ ਵਿੱਚ ਫਸ ਜਾਂਦੇ ਹੋ। ਆਪਣੀ ਵੋਟ ਅਜਾਈਂ ਗਵਾ ਦਿੰਦੇ ਹੋ।

ਅਜਿਹੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਝਾਸਿਆਂ ਵਿੱਚ ਨਾ ਆਵੇ। ਸੋਚੋ ਜੋ ਕਾਂਗਰਸ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਫੋਟੋ ਪੈਰਾਂ ਵਿੱਚ ਰੱਖਦੀ ਹੈ ਉਹ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਵਿਚਾਰਧਾਰਾ ਨੂੰ ਕਿੰਨਾ ਕੁ ਸਮਝਦੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਸਿਰਫ ਵੋਟਾਂ ਵਟੇਰਨ ਦਾ ਇੱਕ ਤਰੀਕਾ ਅਪਣਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਹਨਾਂ ਠੱਗਾਂ ਤੋਂ ਸੁਚੇਤ ਹੋਕੇ ਆਪਣੀ ਪਾਰਟੀ ਬਹੁਜਨ ਸਮਾਜ ਪਾਰਟੀ ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਕਰੇ। ਜੇ ਤੁਹਾਡੇ ਹਿੱਤਾਂ ਦੀ ਰਾਖੀ ਕਰੇਗੀ। ਤੁਹਾਡੇ ਹਿੱਤ ਸੁਰੱਖਿਅਤ ਕਰਨ ਲਈ ਕਾਂਸ਼ੀ ਰਾਮ ਜੀ ਨੇ ਤੁਹਾਨੂੰ ਰਾਜਨੀਤਕ ਪਾਰਟੀ ਬਣਾਕੇ ਦਿੱਤੀ। ਆਪਣੇ ਐਮ.ਐਲ.ਏ/ ਐਮ.ਪੀ. ਬਣਾਉ ਤਾਂ ਜੋ ਤੁਹਾਡੀਆਂ ਸਮੱਸਿਆਵਾਂ ਦਾ ਨਿਵਾਰਣ ਕਰ ਸਕਣ। ਇਸ ਕਾਂਗਰਸੀ ਟੋਲੇ ਤੋਂ ਸੁਚੇਤ ਰਹੋ। ਜੋ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਸਤਿਕਾਰ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ।

ਅੰਮ੍ਰਿਤਪਾਲ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਅਦਾਲਤ 'ਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਪੇਸ਼

"Equality and justice"
Patiala 16 July
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

114 ਸਾਲਾ ਐਥਲੀਟ ਫੌਜਾ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਟੱਕਰ ਮਾਰਨ ਵਾਲੇ ਕਾਰ ਚਾਲਕ ਨੂੰ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਮੰਗਲਵਾਰ ਨੂੰ ਗ੍ਰਿਫ਼ਤਾਰ ਕੀਤਾ। ਮੁਲਜ਼ਮ ਦੀ ਪਛਾਣ ਕਰਤਾਰਪੁਰ ਦੇ ਪਿੰਡ ਦਾਸੂਪੁਰ ਦੇ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਐਨਆਰਆਈ ਅੰਮ੍ਰਿਤਪਾਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ (27) ਵਜੋਂ ਹੋਈ। ਅੰਮ੍ਰਿਤਪਾਲ ਸਿੰਘ ਸਿਰਫ਼ 8 ਦਿਨ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਕੈਨੇਡਾ ਤੋਂ ਵਾਪਸ ਆਇਆ ਸੀ। ਦੌੜਾਕ ਫ਼ੌਜਾ ਸਿੰਘ ਦੇ ਮਾਮਲੇ 'ਚ ਗ੍ਰਿਫ਼ਤਾਰ ਕੀਤੇ ਗਏ ਮੁਲਜ਼ਮ ਅੰਮ੍ਰਿਤਪਾਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ ਨੂੰ ਅੱਜ ਅਦਾਲਤ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਮੁਲਜ਼ਮ ਨੂੰ ਅਦਾਲਤ ਨੇ 14 ਦਿਨਾਂ ਦੀ ਨਿਆਂਇਕ ਹਿਰਾਸਤ ਵਿਚ ਭੇਜ ਦਿੱਤਾ ਹੈ।

ਦੱਸ ਦਈਏ ਕਿ ਮੈਰਾਥਨ ਦੌੜਾਕ ਫੌਜਾ ਸਿੰਘ ਨੇ ਪੂਰੀ ਦੁਨੀਆ ਵਿੱਚ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਭਾਰਤ ਦਾ ਨਾਮ ਰੌਸ਼ਨ ਕੀਤਾ ਸੀ। ਫੌਜਾ ਸਿੰਘ 14 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਸੈਰ ਲਈ ਘਰੋਂ ਨਿਕਲੇ ਸਨ। ਇਸ ਦੌਰਾਨ ਇਕ ਤੇਜ ਰਫਤਾਰ ਕਰ ਨੇ ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਟੱਕਰ ਮਾਰ ਦਿੱਤੀ। ਮੌਕੇ 'ਤੇ ਮੌਜੂਦ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਸਪਤਾਲ ਵਿੱਚ ਦਾਖਲ ਕਰਵਾਇਆ, ਜਿੱਥੇ ਇਲਾਜ ਦੌਰਾਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮੌਤ ਹੋ ਗਈ। ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਅਪਰਾਧ ਵਾਲੀ ਥਾਂ ਤੋਂ ਕਾਰ ਦੇ ਕੁਝ ਹਿੱਸੇ ਮਿਲੇ ਸਨ, ਉਹ ਟੁਕੜੇ ਮਾਹਿਰਾਂ ਨੂੰ ਦਿਖਾਏ ਗਏ । ਇਸ ਤੋਂ ਪਤਾ ਲੱਗਾ ਕਿ ਕਾਰ ਇੱਕ ਪੁਰਾਣੇ ਮਾਡਲ ਦੀ ਫਾਰਚੂਨਰ ਸੀ। ਮਾਮਲੇ ਦੀ ਜਾਂਚ ਦੌਰਾਨ CCTV ਫੁਟੇਜ ਤੇ ਗੱਡੀ ਦੀ ਹੈੱਡਲਾਈਟ ਦੇ ਟੁਕੜਿਆਂ ਤੋਂ ਮਿਲੇ ਅਹਿਮ ਸੁਰਾਗ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਮੁਲਜ਼ਮ ਨੂੰ ਕਾਬੂ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਉਸ ਕੋਲੋਂ ਇੱਕ ਫਾਰਚੂਨਰ (PB 20C 7100) ਵੀ ਬਰਾਮਦ ਕੀਤੀ।ਮੁਲਜ਼ਮ ਅੰਮ੍ਰਿਤਪਾਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ ਨੂੰ ਮੰਗਲਵਾਰ ਰਾਤ ਨੂੰ ਭੋਗਪੁਰ ਥਾਣੇ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ, ਜਿੱਥੇ ਉਸ ਤੋਂ ਪੁੱਛਗਿੱਛ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਤੇ ਅੱਜ ਅਦਾਲਤ ਵਿੱਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ।

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 9463601616
hardipchumber57@gmail.com

हमारी आजादी की लड़ाई बाकी है- बाबा साहब

बाबा साहेब कहते हैं

1935 के अधिनियमन लागू होने के बाद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने 1937 में भारत के आधे राज्यों में सरकारें बनाईं और चतरवर्न के हिंदू लोगों ने 7 राज्यों के ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाए और मंत्री, विधायक और सांसद आदि भी बने। अब शासन, प्रशासन भारत चतरवर्न के लोगों के हाथों में था, फिर भी ये लोग खुद को अंग्रेजों का गुलाम मानते थे। 1947 में सत्ता परिवर्तन के बाद, अनुसूचित वर्ग के लोगों को लगभग वैसे ही समान अधिकार मिले जैसे कि ब्रिटिश शासन के दौरान चतरवर्न के हिंदुओं को थे। वर्तमान में अनुसूचित जाति के लोग मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, सांसद बनते हैं, लेकिन वे अनुसूचित वर्ग के समाज के लोगों के समानता के अधिकारों को सुनिश्चित करवाने के लिए कुछ नहीं कर पा रहे।

क्योंकि मैं सेना क्षेत्र में रहा हुआ था मुझे कोचवानी करने में कोई कठिनाई नहीं दिखी। जैसे ही हमने उसकी यह शर्त स्वीकार कर ली वह अपना वाहन ले आया और हम सब बच्चों ने गोरेगांव के लिए प्रस्थान किया।

गांव के बाहर थोड़ी दूर पर हमें एक पानी का नाला दिखा। कोचवान ने हमसे कहा कि रास्ते में और कहीं पानी नहीं मिलेगा इसलिए हमें यहीं खाना खा लेना चाहिए। अतः हम गाड़ी से उतरे और भोजन किया। पानी गंदा था और उसमें गोबर और लीद भी मिली थी। इसी बीच गाड़ीवान भी अपना रात्रि का भोजन खाकर वापस आ गया था।

जैसे शाम का अंधेरा गहराया, गाड़ीवान भी चुपके से बैलगाड़ी में चढकर हम लोगों के पास बैठ गया। जल्दी ही अंधेरा इतना बढ़ गया कि मीलों तक न तो किसी दीपक की टिमटिमाती रोशनी और न ही कोई इन्सान दिख रहा था। डर, अंधेरा व अकेलेपन से हमें रोने को मन हो रहा था। आधी रात बीते काफी समय हो गया था और हमें डर लग रहा था। हम इतना डर गये थे कि लगा हम कभी गोरेगांव नहीं पहुंचेंगे। जब हम चुंगी नाका पहुंचे तो हम गाड़ी से कूद पड़े। हमने नाकादार से सवाल पूछा कि क्या आस-पास कुछ खाने को मिल सकता था। मैं फारसी भाषा जानता था इसलिए फारसी में बात करने में मुझे कठिनाई नहीं थी मैंने उससे फारसी में ही बात की। उसने रूखेपन से संक्षिप्त उत्तर दिया और पहाड़ियों की तरफ उंगली इंगित कर दी। किसी तरह हमने रात गहरी संकरी घाटी में बिताई और सुबह जल्दी ही गोरेगांव के लिए यात्रा पर दोबारा निकल पड़े। अंत में, अगले दिन मध्याह्न उपरान्त हम थककर निढ़ाल तथा लगभग अधमरे होकर गोरेगांव पहुंचे।

तीसरी घटना जब मैं बड़ौदा रियासत में सेवारत था से संबंधित है। बड़ौदा रियासत से छात्रवृति प्राप्त कर मैं विदेश शिक्षा पाने गया था। इंगलैंड से वापस लौटकर अनुबंध की शर्तों के अंतर्गत मैं बड़ौदा दरबार में सेवारत हुआ। मुझे बड़ौदा में रहने को घर नहीं मिला। पूरे बड़ौदा शहर में न कोई हिन्दू, न मुसलमान मेरे को घर देने को राजी हुआ किसी भी मोहल्ले में जगह न पाने से हताश होकर मैंने पारसी धर्मशाला में आवास पाने का निर्णय लिया। अमेरिका और इंगलैंड में रहकर मेरा रंग साफ व गोरा हो गया था और व्यक्तित्व भव्य। मैंने अपना फर्जी नाम 'अदलजी सोराबजी' रखा और पारसी बन एक पारसी धर्मशाला में रहने लगा। पारसी मैनेजर ने मुझे आवास 2/- प्रतिदिन की दर से दिया। परन्तु जल्दी ही लोगों को इस तथ्य की भनक लग गई कि बड़ौदा के महाराज गायकवाड़ ने एक महार लड़के को अपने दरबार में एक

अधिकारी नियुक्त किया है। जल्दी ही मेरे फर्जी नाम से पारसी धर्मशाला में रहने को लेकर मैं संदेह के दायरे में आ गया और मेरा भेद खुल गया।

मेरे वहां रहने के दूसरे ही दिन जब मैं सुबह का जलपान कर कार्यालय के लिए निकलने को था कि कोई पंद्रह से बीस पारसी लठैतों की भीड़ ने मुझे टोका और जान से मारने की धमकी देते हुए मुझसे पूछा कि मैं कौन था, मैंने कहा, "मैं एक हिन्दू हूँ"। परन्तु उन्हें इस उत्तर से संतुष्ट नहीं होना था। क्रोध में उन्होंने मेरे पर गालियों की बौछार कर दी और मुझे तुरन्त कमरा खाली करने को कहा। समय पर काम आई मेरी बुद्धि और मेरे ज्ञान से मुझे संबल मिला। नम्रता से मैंने 8 घंटे और ठहरने की स्वीकृति मांगी। दिन भर मैंने आवास पाने के प्रयास किए परन्तु मैं कहीं भी सिर छुपाने के लिए जगह पाने में बुरी तरह विफल रहा। मैंने अपने कई मित्रों से सहायता मांगी परन्तु हर एक ने कोई न कोई बहाना बनाकर मेरी प्रार्थना ठुकरा दी और मुझे ठहराने में असमर्थता जता दी। मैं पूरी तरह से निराश तथा निढाल हो गया। आगे क्या करता? निर्णय मैं नही ले पाया। निराश और पराजित मैं चुपचाप

एक स्थान पर बैठ गया और मेरी आंखों से अश्रुधारा बह रही थी। घर मिलने की कोई आशा न होने पर और नौकरी छोड़ना ही दूसरा विकल्प लगने की स्थिति में, मैंने त्याग पत्र दे दिया और रात की गाड़ी से बम्बई के लिए रवाना हो गया।

जीवन में भयभीत करने वाली ऐसी घटनायें आपके जीवन में भी अवश्य घटित हुई होंगी। मैं आप लोगों से पूछना चाहूंगा ऐसे समाज के भीतर जीने की क्या तुक है जिसमें मानवता है ही नहीं, जिसमें आपके प्रति आदर नहीं, जो आपकी रक्षा नहीं करता और जो आपको मानव ही नहीं मानता? इसके विपरीत यह समाज आपका अपमान करता है, नीचा दिखाता है तथा तुम्हें आहत करने का कोई अवसर हाथ से नहीं जाने देता। कोई भी मनुष्य जिसमें रत्तीभर भी आत्मसम्मान है और शिष्टाचार है इस निर्दयी धर्म से जुड़कर रहना पसन्द नहीं करेगा, केवल वे जो गुलामी पंसद करते हैं वे ही इस धर्म में रह सकते हैं।

मेरे पिता तथा पूर्वज बड़े श्रद्धालु हिन्दू थे परन्तु हिन्दू धर्म द्वारा लगाई पाबन्दियों के चलते वे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाए। धर्म ने उन्हें शस्त्र धारण करने की स्वीकृति नहीं दी। हिन्दुत्व के अन्दर उनको धन अर्जित करना भी वर्जित था।

इस धर्म का एक अनुचर होते हुए मेरे पिता ये तीनों वस्तुएं नहीं पा सके। मैं संस्कृत पढ़ना चाहता था परन्तु हिन्दू धर्म द्वारा लगाई गई रोकों के चलते मेरे लिए संस्कृत सीख पाना संभव नहीं हुआ। अब मेरे लिए, शिक्षा, धन पाना और शस्त्र धारण करना संभव हो गया है।

इस तथ्य के आधार पर कि हिन्दू धर्म ने तुम्हारे पूर्वजों को अपमानजनक जीवन जीने को मजबूर किया और उन्हें हर प्रकार से नीचा दिखाया उनको गरीब तथा अज्ञानी बनाए रखा। ऐसे अत्यन्त दुष्टतापूर्ण धर्म की परत में तुम क्यों लिपटे रहना चाहते हो? अगर तुम अपने पूर्वजों की तरह

"Equality and Justice"
"Equality and Justice" Rs. 500/month स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा

अपमानजनक जीवन जीने, नीचे स्तर पर बने रहने और अपमान सहने को स्वीकार करते रहोगे तो तुम घृणास्पद ही बने रहोगे न ही कोई तुम्हें आदर करेगा, न ही कोई तुम्हारी सहायता को आएगा।

इन कारणों से धर्म परिवर्तन का प्रश्न हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। अगर तुम हिन्दू धर्म की परत में ही बने रहते हो तो तुम्हारा स्तर एक दास के स्तर से ज्यादा नहीं हो सकेगा। व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए कोई प्रतिबन्ध नहीं है।

अगर मैं एक अछूत बना रहूंगा तो भी मैं किसी सवर्ण हिन्दू के बराबर का स्तर प्राप्त कर सकता हूं। इस प्रकार मैं हिन्दू बना रहूं या नहीं, इससे मेरे स्वास्थ्य पर इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। मैं एक उच्च न्यायालय का न्यायमूर्ति या विधायिका या विधान परिषद का सदस्य या एक मंत्री बन सकता हूं। परन्तु आपकी मुक्ति और प्रगति के लिए धर्म परिवर्तन मुझे अति आवश्यक लगता है।

प्रतिष्ठा से गिराए हुए तथा निर्लज्ज जीवन को बदलकर स्वर्णिम जीवन और भविष्य बनाने के लिए धर्म परिवर्तन नितांत आवश्यक है। मुझे आशा है कि आपकी दशा सुधारने हेतु आपके मित्र व शुभचिंतक अवश्य आपकी सहायता के लिए सहयोग देंगे। आपका भाग्य सुधारने के लिए मुझे धर्म परिवर्तन प्रक्रिया आरम्भ करनी होगी।

मैं अपनी प्रगति के प्रश्न के बारे में कतई चिंतित नहीं हूं। जो कुछ भी मैं आज के दिन कर रहा हूं उसमें आप सबका हित व प्रयोजन निहित है।

आप मुझे ईश्वर की तरह सम्मान देते हो परन्तु मैं आप सबकी तरह एक मानव हूं और मैं देवमूर्ति नहीं हूं। आप मुझसे जो भी सहायता चाहते हैं मैं करने को तैयार हूं। मैंने आपको इस निराश व अपमानजनक अवस्था से छुटकारा दिलाने का निर्णय किया है। मैं कुछ भी निजी लाभ के लिए नहीं कर रहा हूं। आपके उत्थान और आपके जीवन को उपयोगी तथा उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए मैं संघर्षरत रहूंगा। आपको अपना उत्तरादायित्व समझना अति आवश्यक है और मेरे दर्शाये मार्ग पर चलें। अगर आप गंभीरता से अनुपालन करेंगे तो लक्ष्य प्राप्त करना कतई कठिन नहीं होगा। "

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 9463601616
hardipchumber57@gmail.com

वह समाज जिसे हिंदुओं ने बनाया

बाबा साहेब कहते हैं

श्रृंखलावार भाग नंबर 12

14 जुलाई से आगे लेख का शेष भाग.....

अवर्ण हिंदुओं के तीन भाग हैं: (1) आदिम जातियां (2) जरायम- पेशा जातियां, और (3) अस्पृश्य जातियां। इन तीनों जातियों के लोगों की संख्या किसी भी प्र थोड़ी नहीं कही जा सकती। 1931 की जनगणना के अनुसार भारत में आदिम जातियों के लोगों की संख्या ढाई करोड़ बताई गई है। जरायम - पेशा के रूप में अनुसूचित लोगों की कुल आबादी कोई 45 लाख के लगभग है। 1931 में अस्पृश्यों की कुल आबादी कोई पांच करोड़ थी। इन तीनों की कुल संख्या सात करोड़ 95 लाख होती है।

सवर्ण जातियों के साथ अवर्ण जातियों का क्या संबंध है? सवर्ण जातियों तथा अवर्ण जातियों के बीच विभेद एक-सा नहीं है। अतः इस अंतर को आसानी से नहीं समझा जा सकता। सवर्ण जातियों तथा दो अवर्ण जातियों अर्थात् आदिम जातियों और जरायम- पेशा जातियों के बीच जो संबंध है, वह उस संबंध से भिन्न है। जो सवर्ण जातियों तथा तीसरी अंतिम अवर्ण जातियों अर्थात् अस्पृश्यों के बीच है। सवर्ण जातियों तथा प्रथम दो अवर्ण जातियों के बीच विभेद जाति - भाई तथा मित्रों जैसा है। दोनों के बीच मैत्रीपूर्ण तथा सम्मानजनक शर्तों पर संपर्क संभव है। सवर्ण जातियों तथा अस्पृश्यों के बीच विभेद भिन्न प्रकार का है। यह दो विजातीय तथा विरोधी समूहों के बीच का विभेद है। वहां सम्मानजनक शर्तों पर मैत्रीपूर्ण संपर्क की कोई संभावना नहीं है।

इस विभेद का क्या महत्व है? इसका आधार क्या है? भले ही विभेद निश्चित है, पर उसके आधार की व्याख्या नहीं की गई है। लेकिन ऐसा लगता है कि विभेद का आधार वैसा ही है, जैसा कि द्विजों तथा शूद्रों के बीच का है। शूद्रों की भांति अवर्ण जातियां भी द्विज वर्ग में नहीं आतीं। वे द्विज नहीं होते और उन्हें यज्ञोपवीत धारण करने का कोई अधिकार नहीं है। इससे भी दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं, जिनकी प्रायः अनेदेखी कर दी जाती है। पहला तथ्य यह है कि सवर्ण शाखा की शूद्र जातियों तथा अवर्ण शाखा की आदिम तथा जरायमपेशा जातियों के बीच अंतर बहुत मामूली-सा है। दोनों ही अस्पृश्य हैं और दोनों ही द्विज-वर्ग में नहीं आतीं। यह अंतर सांस्कृतिक विकास का है। हालांकि रूढ़िवादी की दृष्टि से इन दो के बीच अधिक सांस्कृतिक अंतर है, जैसा कि सुसंस्कृत तथा ठेठ बर्बर के बीच होता है, लेकिन अंतर मात्रा-भेद का है। इस सांस्कृतिक अंतर को स्पष्ट करने के लिए हिंदुओं ने एक नई शब्दावली गढ़ी है। वह शूद्रों के दो वर्ण मानती हैं: (1) सत्शूद्र अथवा सुसंस्कृत शूद्र, और (2) शूद्र। उसने शूद्रों के प्राचीन वर्ग को सत्शूद्र अथवा सुसंस्कृत शूद्र कहा और आदिम जाति सहित उन लोगों के लिए शूद्र शब्द प्रयोग किया, जो हिंदू सभ्यता की परिधि मे आ गए थे। नई शब्दावली का आशय यह नहीं है कि शूद्रों के अधिकारों तथा कर्तव्यों में कोई अंतर है। विभेद केवल इतना है कि कुछ शूद्र द्विजों के साथ सहजीवन के लिए उपयुक्त हैं और कुछ कम उपयुक्त हैं।

अवर्ण जातियों का आपस में क्या संबंध है? क्या वे केवल जातियों के समूह हैं या उनके बीच कोई वर्ग विभेद है? निश्चय ही वे केवल जातियों के समूह हैं। निश्चय ही अवर्ण जातियों के इस समूह में वर्ग विभेद हैं। पर इस बारे में कुछ संशय हो सकता है कि आदिम जातियों तथा जरायम- पेशा जातियों के बीच कोई वर्ग- विभेद है या नहीं। संभवतः यह अंतर अत्यंत क्षीण है। लेकिन इनमें कोई संदेह नहीं कि आदिम जातियों व जरायमपेशा जातियों और अस्पृश्यों के बीच स्पष्ट और व्यापक वर्ग - विभेद है। प्रथम दो के मन में यह अति स्पष्ट धारणा है कि अवर्ण जातियों के इस समूह में उच्च जातियां हैं और अस्पृश्य निम्न स्तर की जातियां हैं।

अब तक की चर्चा से पता चलता है कि हिंदू समाज संगठन की तीन विशिष्टताएं हैं: (1) जाति, (2) जातियों का क्रम, और (3) जाति व्यवस्था को भेदती हुई वर्ग-व्यवस्था। इसमें संदेह नहीं कि यह ढांचा बड़ा ही जटिल है और जो इसके ताने-बाने का अंग न हो, उसके लिए अपने मन में इस बारे में सही तस्वीर बना लेना शायद कठिन हो। संभव है कि इसे एक डायग्राम की सहायता से समझा जा सके। मैं नीचे एक ऐसा ही डायग्राम दे रहा हूं, जो मेरे विचार में हिंदुओं के इस सामाजिक ढांचे की कुछ झलक दे सकता है।

लेख का शेष भाग कल.....

12 साल से गांव से भगाए गए 300 आदिवासी अब लौटेंगे अपने घर – जानिए कैसे टूटी 'छड़ोतारू' की डरावनी परंपरा की बेड़ियां!

12 साल के निर्वासन के बाद गुजरात के बनासकांठा जिले के मोटा पिपोदरा गांव में कोडरवी आदिवासी परिवारों की सम्मानजनक घरवापसी की तैयारी

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

बनासकांठा, गुजरात – गुजरात के बनासकांठा ज़िले के दांता तालुका स्थित मोटा पिपोदरा गांव से 12 साल पहले एक प्राचीन परंपरा 'छड़ोतारू' के चलते निर्वासित किए गए कोडरवी समुदाय के 29 आदिवासी परिवार अब अपने गांव लौटने जा रहे हैं। करीब 300 लोगों वाले इन परिवारों की घरवापसी 17 जुलाई 2025 (गुरुवार) को एक विशेष समारोह के साथ होगी।

द हिन्दू की रिपोर्ट के अनुसार, छड़ोतारू—एक प्रतिशोध आधारित सामाजिक प्रथा—के कारण गांव में लगातार विवाद और तनाव की स्थिति बनी रही, जिससे ये परिवार पलायन को मजबूर हुए। ये परिवार पालनपुर और सूरत में शरण लेकर वर्षों तक अपनी ज़मीन, घर और यादों

को पीछे छोड़कर बाहरी लोगों की तरह जीवन जीते रहे।

इनकी पीड़ा को समझते हुए, बनासकांठा पुलिस और जिला प्रशासन ने इनके पुनर्वास के लिए गंभीर प्रयास शुरू किए। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया कि गांव के बुज़ुर्गों, पंचायत सदस्यों और समुदाय के नेताओं के साथ कई बैठकें की गईं ताकि शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से इनकी वापसी सुनिश्चित हो सके।

मंत्री ने कहा, "बनासकांठा पुलिस ने सुलह की एक लंबी प्रक्रिया चलाई और सभी पक्षों से बातचीत कर रास्ता निकाला।"

जिला प्रशासन ने इन परिवारों की करीब 8.5 हेक्टेयर पुश्तैनी ज़मीन को चिह्नित कर पुनर्जीवित किया, जो वर्षों से बंजर और झाड़ियों में तब्दील हो चुकी थी। इसे साफ़ कर समतल किया गया और खेती योग्य बनाया गया।

संघवी ने बताया, "यह ज़मीन अब फिर से उपजाऊ बन गई है, और इनके नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक है।"

पुनर्वास योजना के तहत दो मकानों का निर्माण हो चुका है और बाकी 27 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना तथा सामाजिक संगठनों की मदद से घर दिए जाएंगे।

17 जुलाई को इन परिवारों का गांव में स्वागत एक विशेष कार्यक्रम के साथ किया जाएगा, जिसमें पूजा अनुष्ठान और पुनर्जीवित ज़मीन पर बीज बोने की प्रतीकात्मक क्रिया भी शामिल होगी—जो नई शुरुआत और समृद्धि का संकेत होगा। मंत्री ने बताया कि वे स्वयं परिवारों को शैक्षिक किट्स, राशन सामग्री वितरित करेंगे और दीर्घकालिक पुनर्वास योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

संघवी ने कहा, "यह केवल लोगों को उनके गांव वापस लाने का विषय नहीं है, बल्कि पुराने ज़ख्मों को भरने और सामंजस्यपूर्ण भविष्य की नींव रखने का प्रयास है। हम मानते हैं कि किसी भी आदिवासी परिवार को किसी पुरानी और अमानवीय परंपरा के चलते विस्थापित नहीं रहना चाहिए। विकास और संवाद ही किसी भी मतभेद पर विजय पा सकते हैं।"

पूर्व सीएम चंद्रभान गुप्त जैसे कदापि नहीं आज के राजनेता : राकेश मणि पाण्डेय

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

सुनील बाजपेई

कानपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभान गुप्त अपने जीवन भर सादगी सेवा और ईमानदारी का प्रतीक रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में जनता की सेवा करने में भी कोई कसर नहीं रखी ,जिसके लिए उनके कार्यकाल को सदैव याद रखा जाएगा।

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० चन्द्रभान गुप्त के 124 वीं जयन्ती पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हिन्दी मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने कहा कि आज के दौर में नेताओं में अपनी पुश्तों दरपुश्तों की व्यवस्था में लगे हैं और इन्तजार करते है कि उनके खानदान का कोई व्यक्ति या बच्चा कैसे 18 वर्ष का हो उसे विधायक व सांसद बनाया जा सकें। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री और सफल राजनेता रहे स्व० चन्द्रभान गुप्त ने अपने राजनैतिक काल में परिवार को राजनीति में दखल करने का

कोई अवसर नहीं दिया।

यहां तक की अपने निजी आवास तक को अस्पतालो को दान कर दिया।

अपने कार्यालय में आयोजित स्व० चन्द्रभान गुप्त के 124 वीं जयन्ती पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने कहा कि अब चंद्रभान गुप्त जैसे राजनेता अब नहीं के बराबर रह गये है।

देश और समाज हित में उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की गहन चर्चा करते हुए चर्चित श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री राजनेता चंद्रभान गुप्त परिवारवाद, जातिवाद और धनवाद के खिलाफ थे जबकि आज के नेताओं में इसका लालच कूट कूट कर भरा है।

हिंद मजदूर किसान पंचायत की वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश मणि पांडेय ने यह अभी कहा कि हम अपने पूर्वजों के आर्दशों को खोते जा रहे है। लखनऊ को एक वैभवशाली क्षेत्र के रूप में विकसित करने का काम स्व० चन्द्रभान गुप्त जी ने किया और तमाम स्थलों को मोतीलाल ट्रस्ट बनाकर निर्माण किया। चन्द्रभान गुप्त ने लखनऊ को एक अलग पहचान दी। उनके द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में मनोरंजन के क्षेत्र में और रोजगार के क्षेत्र में हस्त उद्योग के क्षेत्र में तमाम योजनाएं किया, जो आज लखनऊ के विकास की नींव है।

उन्होंनेकहा कि चन्द्रभान गुप्त के नाम पर डाक टिकट जारी कर राजनाथ सिंह ने एक सराहनीय कार्य किया है किन्तु लखनऊ में उनके आदर्शों और विचारो के युक्त एक संग्रहालय की स्थापना की जानी चाहिए।

चर्चित श्रमिकनेता राकेश मणि पांडेय के मुताबिक हिन्द मजदूर किसान पंचायत जल्द ही चन्द्रभान गुप्त विचार गोष्ठी लगभग 15 दिनों का चलाने का कार्य प्रारम्भ कर रही है। जिसमें उनके समस्त कृत्यों आदि पर चर्चा करके नई पीढ़ी को एक अवसर प्रदान करेंगी कि वह समाज व देश प्रदेश की सेवा के लिए कृत्य संकल्पित हों।

चन्द्रभान गुप्त सदैव महंगे चुनाव और चुनाव में धन की महत्वता को समाप्त करने की मोहिम में लगे थे। वह चाहते थे कि समाज के ऊर्जावान, योग्य और प्रतिभाशाली बिना किसी धनबल के चुनाव में उतरे और उन्हे सफलता मिले जिससे समाज एक बहतर रूप से विकसित हो सकें। वह प्रलोभन से भी घृणा करते थे। उनकी उपेक्षाये शिक्षा के प्रति अति संवेदनशील थी। इसके लिए कई शिक्षक संस्थाएं भी उनके द्वारा योजित की गयी थी, वह चाहते थे कि एक समान शिक्षा सरकारी माध्यम से बहतर शिक्षा संस्थानों के उपयोग से देश को सुदृढ़ व प्रतिभाशाली बनाया जा सकता है। आज की पीढ़ी को उनके मूल्यों को जानने की आवश्यकता है, जिसके लिए हिन्द मजदूर किसान पंचायत पहल करेंगी।



रोत द्वारा जारी किए गए नक्शे में चार राज्यों के आदिवासी बहुल इलाकों को शामिल करते हुए भील प्रदेश

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

जयपुर- बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सांसद राजकुमार रोत द्वारा एक भड़काऊ पोस्ट के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तीखा विवाद छिड़ गया है। रोत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों को मिलाकर एक अलग "भील प्रदेश" राज्य बनाने का एक नक्शा साझा किया था। इस कदम पर तीखी प्रतिक्रियाएँ सामने आईं। समर्थकों ने इसे आदिवासी पहचान को संरक्षित करने की दिशा में एक कदम बताया, जबकि पूर्व भाजपा मंत्री राजेंद्र राठौर सहित आलोचकों ने इसे राजस्थान की एकता के लिए खतरा पैदा करने वाला एक विभाजनकारी राजनीतिक हथकंडा बताया।

रोत का भील प्रदेश के लिए आह्वान

15 जुलाई को, भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक प्रमुख नेता, सांसद राजकुमार रोत ने एक्स पर अलग भील प्रदेश राज्य की लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराया। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, "भील प्रदेश की मांग आज़ादी से पहले से ही उठती रही है क्योंकि यहाँ के लोगों की संस्कृति, भाषा, बोली और रीति-रिवाज अन्य राज्यों से अलग हैं, और आदिवासी संस्कृति और सभ्यता का संरक्षण और सुरक्षा आवश्यक है।"

रोत ने ऐतिहासिक संदर्भ पर ज़ोर देते हुए 1913 के मानगढ़ नरसंहार का ज़िक्र किया, जहाँ गोविंद गुरु के नेतृत्व में 1,500 से ज़्यादा आदिवासी, एक अलग भील राज्य की माँग करते हुए ब्रिटिश सेना द्वारा मारे गए थे। उन्होंने कहा, "आज़ादी के बाद, भील प्रदेश को चार राज्यों में विभाजित करना इस क्षेत्र के लोगों के साथ अन्याय था। गोविंद गुरु के नेतृत्व में 1,500 से ज़्यादा शहीदों के सम्मान में, भील प्रदेश की स्थापना होनी चाहिए।"

रोत ने तर्क दिया कि भील प्रदेश का निर्माण विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान की रक्षा और भील समुदाय के सामाजिक-आर्थिक हाशिए पर होने की समस्या को दूर करने के लिए ज़रूरी है। उन्होंने सरकार से इस माँग को पूरा करने का आग्रह करते हुए कहा, "अगर सरकार सचमुच आदिवासी हितैषी है, तो उसे भील प्रदेश की लंबे समय से चली आ रही माँग को पूरा करना होगा, जो आदिवासी समुदाय के अस्तित्व और पहचान को बचाए रखने के लिए ज़रूरी है।"

रोत द्वारा जारी किया गया नक्शा, जिसमें चार राज्यों के आदिवासी बहुल इलाकों को शामिल करते हुए भील प्रदेश की कल्पना की गई है, ने दशकों पुरानी एक माँग को फिर से हवा दे दी है जो आज़ादी से पहले के आंदोलनों से जुड़ी है। भारत के सबसे बड़े जनजातीय समूहों में से एक भील समुदाय लंबे समय से सांस्कृतिक संरक्षण, आर्थिक विकास और प्रशासनिक स्वायत्तता के मुद्दों के समाधान के लिए एक अलग राज्य की मांग कर रहा है।

राजेंद्र राठौड़ की तीखी आलोचना

इस प्रस्ताव पर पूर्व भाजपा मंत्री और चूरू से पूर्व विधायक राजेंद्र राठौड़ ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और रोत के नक्शे को "शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक स्टंट" बताया। X पर एक पोस्ट में, राठौड़ ने लिखा, "राजस्थान के गौरव, सम्मान और गौरव को खंडित करने की साजिश कभी कामयाब नहीं होगी।" उन्होंने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे आदिवासी समुदाय में फूट डालने का प्रयास बताया और कहा, "सांसद राजकुमार रोत द्वारा जारी किया गया नक्शा आदिवासी समुदाय में ज़हर बोने की साजिश है, जो देशद्रोह की श्रेणी में आता है और जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी।"

राठौड़ ने चेतावनी दी कि ऐसी माँगें राजस्थान की समृद्ध विरासत को खंडित कर सकती हैं। उन्होंने सवाल किया, "अगर आज कोई भील प्रदेश की बात करे और कल कोई मरु प्रदेश की माँग करे, तो क्या हम अपने गौरवशाली इतिहास, विरासत और गौरव को टुकड़ों में बाँट देंगे?"

भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) ने अपने प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र मीणा के माध्यम से राठौड़ की आलोचना का तुरंत जवाब दिया। X पर एक तीखे खंडन में, मीणा ने लिखा, "तारानगर की जनता ने आपके गौरव, सम्मान और वैभव में चार चाँद लगा दिए हैं। अपनी राजनीतिक ज़मीन बचाने के लिए भील प्रदेश की माँग को देशद्रोह कहना दुर्भाग्यपूर्ण है।" मीणा ने छोटे राज्यों के लाभों पर प्रकाश डालते हुए भील प्रदेश की माँग का बचाव किया। उन्होंने तर्क दिया, "छोटे राज्यों के कई फायदे हैं। प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है क्योंकि सरकार जनता के ज़्यादा करीब होती है, निर्णय तेज़ी से होते हैं, विकास परियोजनाएँ केंद्रित और प्रभावी होती हैं, भ्रष्टाचार पर नज़र रखना आसान होता है, सुशासन को बढ़ावा मिलता है, सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक पहचान मज़बूत होती है, और आर्थिक संसाधन प्रबंधन सरल होता है।"

गोवा और सिक्किम जैसे सफल छोटे राज्यों का उदाहरण देते हुए, मीणा ने ज़ोर देकर कहा कि भील प्रदेश आदिवासी समुदाय की ज़रूरतों के अनुरूप बेहतर शासन और विकास के लिए एक आदर्श बन सकता है।

भील प्रदेश की माँग क्या है?

भील प्रदेश की माँग एक लंबे समय से चल रहा आंदोलन है जो भील आदिवासी समुदाय के लिए एक अलग राज्य की वकालत करता है। भील आदिवासी समुदाय भारत के सबसे बड़े आदिवासी समूहों में से एक है और मुख्य रूप से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में रहता है। गोविंद गुरु जैसे नेताओं के नेतृत्व में 20वीं सदी के शुरुआती वर्षों में शुरू हुई इस मांग का उद्देश्य एक ऐसे राज्य का निर्माण करना है जो भील समुदाय की विशिष्ट संस्कृति, भाषा और परंपराओं को संरक्षित रखते हुए उनके सामाजिक-आर्थिक हाशिए पर होने की समस्या का समाधान करे। समर्थकों का तर्क है कि एक अलग राज्य बेहतर शासन, केंद्रित विकास और आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, और इसके लिए वे गोवा और सिक्किम जैसे सफल मॉडल का हवाला देते हैं। हालाँकि, आलोचक इसे क्षेत्रीय एकता के लिए खतरा मानते हैं और उन्हें डर है कि इससे अन्यत्र भी ऐसी ही माँगें उठ सकती हैं। सांसद राजकुमार रोत द्वारा हाल ही में जारी किए गए मानचित्र ने इस ऐतिहासिक माँग की ओर फिर से ध्यान आकर्षित किया है, जिससे भारत में आदिवासी पहचान और राज्य के दर्जे पर बहस तेज हो गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने दी चौंकाने वाली चेतावनी: क्या चुनावों में जाति और धर्म के नाम पर वोट मांगने वाली पार्टियां बैन होंगी?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा—राजनीतिक दलों द्वारा जाति, धर्म और क्षेत्रीय भावनाओं का सहारा लेना राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा है, चुनाव सुधारों की जरूरत पर जोर

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों में जाति और क्षेत्रीय भावनाओं का सहारा लेने पर कड़ी चिंता जताई और इसे राष्ट्रीय एकता के लिए "खतरनाक" करार दिया।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने यह टिप्पणी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) पार्टी का पंजीकरण रद्द करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए की। यह सर्वविदित है कि AIMIM के प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी हैं।

यह याचिका शिवसेना की तेलंगाना इकाई के तिरुपति नरसिम्हा मुरारी ने दायर की थी। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें चुनाव आयोग द्वारा AIMIM को राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन ने पक्ष रखा।

सुनवाई के दौरान पीठ ने संकेत दिया कि वह मौजूदा याचिका पर विचार करने के पक्ष में नहीं है और कहा कि ऐसे मुद्दे चुनाव याचिकाओं के जरिए उठाए जाने चाहिए।

पीठ ने कहा, "मान लीजिए कोई धार्मिक कानून संविधान द्वारा संरक्षित है और कोई राजनीतिक दल कहता है कि वह उसे पढ़ाएगा—तो वे उसे पढ़ा सकते हैं क्योंकि वह संविधान द्वारा संरक्षित है।" साथ ही पीठ ने कहा, "यह तो और अच्छा होगा अगर राजनीतिक दल शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करें, कॉलेज, स्कूल, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज खोलें।"

वकील जैन ने तर्क दिया कि AIMIM के संविधान की धारा 1 में मुस्लिमों के बीच एकता की बात कही गई है। उन्होंने पूछा, "सिर्फ मुस्लिमों में क्यों? हम सभी में क्यों नहीं?"

इस पर पीठ ने उन्हें AIMIM के संविधान की धारा 8 और 9 के साथ पढ़ने को कहा और 1989 में पार्टी द्वारा दिए गए उस शपथ पत्र की ओर ध्यान दिलाया जिसमें उन्होंने इस संबंध में प्रतिबद्धता जताई थी।

पीठ ने कहा, "वास्तविक जीवन में अगर किसी चुनाव में इस पार्टी का उम्मीदवार सांप्रदायिक भावनाएं भड़काता है... वहां आप सही हैं। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा करता है तो हम कानून लागू करेंगे।"

जैन ने 1996 के सुप्रीम कोर्ट के अभिराम सिंह मामले का हवाला दिया जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार धर्म के नाम पर वोट नहीं मांग सकता। उन्होंने दलील दी कि यह आदेश बार-बार उल्लंघन का शिकार हो रहा है।

इस पर पीठ ने कहा कि ऐसा मामला चुनाव याचिका में उठाया जाता है। "जहां आप पाएंगे कि कोई उम्मीदवार धार्मिक भावनाओं को भड़का कर वोट मांग रहा है, तो वह अनैतिकता की श्रेणी में आएगा।"

जब जैन ने सुप्रीम कोर्ट से व्यापक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करते हुए कहा कि इसमें "एक शून्य" है, तो पीठ ने माना, "हां, इसमें एक ग्रे एरिया है जिसे भरने की जरूरत है।"

हालांकि, पीठ ने किसी एक दल को निशाना बनाने वाली याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा, "शायद एक तटस्थ याचिका, जिसमें किसी एक पार्टी का नाम न हो बल्कि सभी के खिलाफ हो।"

सुनवाई के दौरान पीठ ने मुद्दे को सांप्रदायिक राजनीति से आगे बढ़ाते हुए कहा, "केवल सांप्रदायिक पार्टी के सवाल तक खुद को सीमित न रखें... कुछ क्षेत्रीय पार्टियां भी क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काती हैं। क्या यह राष्ट्रीय एकता के हित में है? कुछ पार्टियां जाति आधारित राजनीति करती हैं, जो उतनी ही खतरनाक है।"

अंत में पीठ ने याचिकाकर्ता को सलाह दी कि वह वर्तमान याचिका वापस लें और इसकी जगह एक व्यापक जनहित याचिका दायर करें जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा सांप्रदायिक, जातिगत और क्षेत्रीय भावनाओं के सहारे चुनाव जीतने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सुधारात्मक कदम मांगे जाएं। वकील जैन ने अदालत की सलाह मानते हुए वर्तमान याचिका वापस ले ली।

सगोत्र शादी की ऐसी सज़ा क्यों? ओडिशा में प्रेमी जोड़े को बनाया बैल, हल से जोतवाया खेत!

ओडिशा के रायगढ़ा जिले में सगोत्र विवाह करने पर आदिवासी प्रेमी युगल को मध्ययुगीन बर्बरता का सामना करना पड़ा; बैलों की तरह जोतने, पीटने और गाँव से निकालने की सजा

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

ओडिशा राज्य मे रायगडा जिले के कंजामाझिरा/कंजामाजोडी गाँव के रहने वाले एक सगोत्र युवक और युवती का आपस मे प्रेम हो गया और उन्होंने शादी कर ली. स्थानीय समुदाय इससे आक्रोशित हो गया और प्रेमी युगल को एक ही गोत्र के होने के कारण क्रूर दंड दिया गया. रिपोर्ट्स के अनुसार, इस युगल को दंडित करने के लिए उन्हें लकड़ी के जुए से बाँध दिया, बैलों की तरह खेत जोतने के लिए मजबूर किया गया, कोड़ों से पीटा गया और गाँव से निकाले जाने का फरमान दिया सुनाया गया . यह कृत्य बुधवार को कल्याणसिंहपुर ब्लॉक के शिकारपाई पंचायत के अंतर्गत कंजामाजोडी गांव में कारित किया गया है.

परंपरागत सामाजिक और पितृसतात्मक एवं जातिगत विधानों व मानदंडों के विरुद्ध विवाह करने वाले इस युवा जोड़े को दंडित करने और अपमानित करने के इरादे से, स्थानीय लोगों के भीड़ ने उन्हें खेत मे बैलों की मानिंद

जुए से बाँध दिया और उनके कंधों पर हल डालकर उन्हें जमीन जोतने के लिए मजबूर किया गया.एक वीडियो में स्थानीय लोगों के भीड़ द्वारा एक प्रेमी युगल को डंडे से हांकते -पीटते हुए दिखाया जा रहा है. इस विचलित करने वाली घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है, जो बहुत ही हृदय विदारक है.

परम्परागत समाज व्यवस्था द्वारा आदिवासी युगल के खिलाफ यह जघन्य कृत्य बतौर सजा और 'शुद्धिकरण' के नाम पर किया गया है. सूत्रों ने बताया है कि जब यह रिश्ता सामने आया, तो गाँव के बुजुर्गों ने एक पारंपरिक परिषद की बैठक बुलाई और सज़ा का ऐलान किया. यह तथाकथित 'न्याय' गाँव की जनता द्वारा सार्वजनिक रूप से मुकर्रर किया गया है. असल मे समुदाय का यह कृत्य मध्ययुगीन- सामन्ती परंपराओं का वह अवशेष है जो देश की आज़ादी के बाद भी पितृसत्तात्मक और जातिवादी मान्यताओं का आज के समाज में भी उसके वजूद की ओर इंगित कर रहा है. यह कृत्य आधुनिक काल के समूचे सभ्यता पर एक गोल धब्बा है.

यह बर्बर कृत्य मौलिक और मानवाधिकारों का उल्लंघन तथा मानवीय गरिमा का अपमान है. मध्ययुगीन और पितृसत्तात्मक निगरानी न्याय के सापेक्ष में सार्वजनिक अपमान के ऐसे कृत्य न केवल अपराधिक हैं, बल्कि भारतीय संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों का भी गंभीर उल्लंघन करते हैं.

केज पीड़ित युगल के साथ एकजुटता में खड़ा है और इस घटने में पीड़ितों के आश्रय और संरक्षण के साथ ही इस जघन्य अपराध के लिए दोषियों के खिलाफ़ तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग करता है. हम ओडिशा राज्य सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि :

1. घटना की गहन और निष्पक्ष जाँच करें.

2. यह सुनिश्चित करें कि अपराधियों को कानून की पूरी सीमा के तहत न्याय के कटघरे में लाया जाए.

3. पीड़ितों को तत्काल सुरक्षा, सहायता और पुनर्वास प्रदान करें.

4. भीड़ के द्वारा हिंसा के ऐसे कृत्यों को रोकने और व्यक्तिगत अधिकारों और स्वतंत्रताओं का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाएँ.

छत्तीसगढ़ एसोसिएशन फॉर जस्टिस एण्ड इक्वालिटी ओडिशा में घटित हुये इस चौंकाने वाली और अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करता है. सभी समुदायों से ऐसी पुरातन और अमानवीय प्रथाओं को अस्वीकार करने और सद्भाव, सम्मान और समानता को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने का आग्रह करता है.

कांग्रेस बोली- ट्रंप ने 23 बार कहा, भारत-पाक युद्ध रुकवाया, PM मोदी को संसद में देना होगा जवाब

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

नयी दिल्ली, 16 जुलाई (भाषा) India Pakistan War: कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानसून सत्र के दौरान संसद के.. कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में साफ शब्दों में जवाब देना होगा।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 66 दिन में 23 बार यह दावा किया और आगे भी कर सकते हैं। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि ट्रंप ने 66 दिन में 23 बार यह बात दोहराई है कि उन्होंने युद्ध रुकवाया।

उन्होंने कहा, "21 जुलाई से संसद फिर से शुरू होगी। इसमें कोई शक नहीं कि इससे पहले स्कोर (ट्रंप के दावे का) बदल जाएगा। लेकिन प्रधानमंत्री को लोकसभा और राज्यसभा में साफ शब्दों में जवाब देना होगा। देश सच जानना चाहता है।"

राष्ट्रपति ट्रंप ने इंडोनेशिया के साथ व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए कहा, "अब भारत के साथ भी इसी दिशा में काम कर रहे है। हमें भारत में प्रवेश मिलेगा। आपको समझना होगा कि इनमें से किसी भी देश तक हमारी पहुंच नहीं थी। हमारे लोग वहां नहीं जा सकते थे और अब हमें प्रवेश मिल रहा है क्योंकि हम शुल्क के माध्यम से ऐसा कर रहे हैं।"

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले कुछ हफ्तों में कई



बार यह दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बीते मई महीने में सैन्य संघर्ष को व्यापार समझौते के जरिए सुलझाया। दूसरी तरफ भारत का कहना है कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क किए जाने के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर विचार किया गया।

दलित कलाकार से गाली-गलौज और मारपीट? कन्नड़ संस्कृति विभाग की निदेशक पर गंभीर आरोप, एससी/एसटी एक्ट में केस दर्ज!

दलित कलाकार ने लगाया तीन साल से रुके पारिश्रमिक की मांग पर जातिसूचक गाली देने और मारपीट का आरोप, पुलिस में एफआईआर दर्ज.

"समानता और न्याय"
पटियाला 16 जुलाई
INTERNATIONAL PAPER, 94636 01616
hardipchumber57@gmail.com

बेंगलुरु – कन्नड़ और संस्कृति विभाग की निदेशक के.एम. गायत्री के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई एक दलित कलाकार की शिकायत के बाद हुई, जिसमें उन्होंने बकाया भुगतान मांगने पर जातिसूचक गालियां देने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

यह शिकायत 55 वर्षीय जोगिला सिद्धराजू ने बेंगलुरु के एसजे पार्क पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। सिद्धराजू के अनुसार, वह बीते तीन वर्षों से कलाकारों के एक समूह का रुका हुआ पारिश्रमिक दिलवाने के लिए निदेशक के कार्यालय गए थे। शिकायत में कहा गया है कि बातचीत के दौरान जब निदेशक को उनकी जाति के बारे में पता चला तो माहौल बिगड़ गया।

सिद्धराजू ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की चेतावनी दी, तो गायत्री ने उन पर कंप्यूटर माउस पैड फेंका और उनके सहयोगी का मोबाइल फोन भी छीन लिया, जो इस घटना की रिकॉर्डिंग करने की कोशिश कर रहा था।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि निदेशक ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे, जिससे उन्हें अपमान और मानसिक पीड़ा हुई। पुलिस ने एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की कई धाराओं और बीएनएस की उन धाराओं के तहत प्राथमिकी (FIR) दर्ज की है जो स्वेच्छा से चोट पहुंचाने और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने से जुड़ी हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। खबर लिखे जाने तक के.एम. गायत्री की ओर से सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।